www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 24, 2012 Shift 1 Political Science Question Paper

PAPER-II

# POLITICAL SCIENCE

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

(Name) __________________________

2. (Signature) __________________________

(Name) __________________________

**J 0 2 1 2**

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. ______________________________

(In words)

Time : 1 1/4 hours] [Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : 12 Number of Questions in this Booklet : 50

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# POLITICAL SCIENCE
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Which of the following book is not authored by Karl Marx ?
(A) German Ideology
(B) Critique of the Gotha Programme
(C) Paris Manuscripts
(D) Science of Logic

**2.** Who wrote "Over himself, over his own body and mind, the individual is sovereign" ?
(A) J.S. Mill
(B) M.K. Gandhi
(C) Jeremy Bentham
(D) Robert Nozick

**3.** Rajni Kothari's book Politics in India is written on the basis of the methodology of
(A) Structural functionalism
(B) Normative theory
(C) Marxism
(D) Utilitarianism

**4.** Who is the first modern political thinker who deliberately ignores Aristotle ?
(A) Machiavelli (B) Bodin
(C) Hobbes (D) Locke

**5.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Dictatorship of the proletariat | (i) Gramsci |
| (b) Communist Party | (ii) Marx |
| (c) Hegemony | (iii) Lenin |
| (d) Polycentricism | (iv) Togliatti |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**6.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Twentieth century Jacobinism | (i) Gandhi |
| (b) Voluntary Poverty | (ii) Aurobindo |
| (c) I was born a Hindu but will not die as one | (iii) Ambedkar |
| (d) Integrated theory of evolution | (iv) M.N. Roy |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**7.** Gandhi described himself as a
(A) Liberal
(B) Socialist
(C) Social Democrat
(D) Philosophical Anarchist

**8.** The doctrine of overlapping consensus is advocated by
(A) Berlin (B) Barry
(C) Nozick (D) Rawls

**9.** Who among the following first developed the concept of general systems theory ?
(A) Ludwig Von Bertallanfy
(B) Colin Cherry
(C) Robert K. Merton
(D) Talcott Parsons

**10.** Structural functionalism as a method was developed to study the politics of
(A) Advanced capitalism
(B) Developed socialism
(C) Modern totalitarianism
(D) Politics of developing countries

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# राजनीति शास्त्र

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** कौनसी पुस्तक कार्ल मार्क्स ने नहीं लिखी है ?
(A) जर्मन आइडियोलॉजी
(B) क्रिटिक ऑफ दी गोथा प्रोग्राम
(C) पेरिस मैन्युस्क्रिप्टस्
(D) साइन्स ऑफ लॉजिक

**2.** "व्यक्ति अपने ऊपर, अपनी देह और दिमाग पर संप्रभु है" । यह किसने लिखा है ?
(A) जे. एस. मिल
(B) एम. के. गांधी
(C) जरेमी बैन्थम
(D) रॉबर्ट नॉज़िक

**3.** रजनी कोठारी की 'पॉलिटिक्स इन इंडिया' नामक पुस्तक किस पद्धति के आधार पर लिखी गई है ?
(A) संरचनात्मक प्रकार्यवाद
(B) मानकीय सिद्धान्त
(C) मार्क्सवाद
(D) उपयोगितावाद

**4.** अरस्तु की उपेक्षा करने वाला पहला आधुनिक राजनीतिक विचारक कौन है ?
(A) मैक्यावली (B) बोदां
(C) हॉब्स (D) लॉक

**5.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) सर्वहारा/श्रमिक वर्ग की तानाशाही | (i) ग्रामस्की |
| (b) कम्युनिस्ट पार्टी | (ii) मार्क्स |
| (c) हेजीमनी | (iii) लेनिन |
| (d) बहुकेन्द्रीयता | (iv) टोगलियाटी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**6.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये -

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) बीसवीं शताब्दी ज़ैकोबिनिज़्म | (i) गांधी |
| (b) स्वैच्छिक निर्धनता | (ii) अरविन्द |
| (c) मैंने हिन्दू के रूप में जन्म लिया परन्तु उस रूप में मरूंगा नहीं | (iii) अम्बेडकर |
| (d) विकास का एकीकृत सिद्धान्त | (iv) एम. एन. रॉय |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**7.** गांधीजी ने अपनी व्याख्या की है :
(A) उदारवादी के रूप में
(B) समाजवादी के रूप में
(C) सामाजिक लोकतान्त्रिक के रूप में
(D) दार्शनिक अराजकतावादी के रूप में

**8.** परस्परव्यापी मतैक्य के सिद्धान्त की वकालत किसने की ?
(A) बर्लिन (B) बेरी
(C) नॉज़िक (D) रॉल्स

**9.** निम्नांकित में से किसने सामान्य व्यवस्था सिद्धान्त की अवधारणा को सर्वप्रथम विकसित किया ?
(A) लुडविग वॉन बर्टालान्फी
(B) कॉलिन चैरी
(C) रॉबर्ट के. मर्टन
(D) टलकोट पार्सन्स

**10.** संरचनात्मक प्रकार्यवाद को, पद्धति के रूप में, किस की राजनीति का अध्ययन करने के लिये विकसित किया गया ?
(A) उन्नत पूंजीवाद का
(B) विकसित समाजवाद का
(C) आधुनिक सर्वाधिकारवाद का
(D) विकासशील देशों की राजनीति का

www.prepp.in

11. C. Wright Mill's 'The Power Elite' is a study of the contemporary politics of
(A) China
(B) The United States of America
(C) The Soviet Union
(D) Great Britain

12. Who among the following identified the crises in political development on the basis of his study of England ?
(A) A.F.K. Organski
(B) Lucian W. Pye
(C) Edward Shils
(D) David Apter

13. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | C.W. Mills | The Power Elite |
| (B) | T.B. Bottomore | Elites and Society |
| (C) | Pareto | The Ruling Class |
| (D) | Ortega Y Gasset | The Revolt of the Masses |

14. Who among the following postulated the law "officials make work for each other" ?
(A) Max Weber (B) F.M. Marx
(C) H. Finer (D) N. Parkinson

15. Which of the following pairs is not correct ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) | U.S.A. | Double citizenship |
| (B) | India | Procedure established by law |
| (C) | Australia | Unitary form of Government |
| (D) | Switzerland | Plural Executive |

16. Michels' Iron law of oligarchy was formulated on the basis of the study of
(A) German Social Democratic Party
(B) British Labour Party
(C) Democratic Party of the U.S.A.
(D) Communist Party of the Soviet Union

17. Montesquieu's theory of separation of powers emphasises primarily on
(A) Accountability
(B) Efficiency
(C) Transparency
(D) Liberty

Each of the following four items consist of two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

18. **Assertion (A) :** The Information Technology has made Staff Agency indispensable.
**Reason (R) :** Staff Agency assists the Line Agency in decision making.

19. **Assertion (A) :** While declaring war on terrorism the US asserted that the states which were not on the side of the US were against it.
**Reason (R) :** In the wake of war on terrorism the US denied states the liberty to be neutral.

20. **Assertion (A) :** Ambedkar was in favour of separate electorate for depressed classes.
**Reason (R) :** He was in agreement with Gandhi.

21. **Assertion (A) :** The presidential system is successful only in the U.S.A.
**Reason (R) :** The United States of America is the only nation with minor contradictions that ensures the success of the presidential system.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** सी. राईट मिल्स की पुस्तक "दी पावर एलीट" किसकी समकालीन राजनीति का अध्ययन है ?
(A) चीन
(B) यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका
(C) सोवियत यूनियन
(D) ग्रेट ब्रिटेन

**12.** निम्नांकित में से किसने इंगलैण्ड के अपने अध्ययन के आधार पर राजनीतिक विकास में संकट की पहचान की ?
(A) ए. एफ. के. ऑरगांस्की
(B) लूसियन डब्ल्यू. पाई
(C) एडवर्ड शिल्स
(D) डेविड एप्टर

**13.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही रूप से सुमेलित नहीं किया गया है ?
(A) सी. डब्ल्यू. मिल्स — दी पावर एलीट
(B) टी. बी. बोटोमोर — एलीट्स एण्ड सोसाइटी
(C) पेरेटो — दी रूलिंग क्लास
(D) ऑरटेगा वाइ. गसेट — दी रिवॉल्ट ऑफ दी मासिस

**14.** 'अधिकारीगण एक दूसरे के लिये कार्य का सृजन करते हैं' यह नियम निम्नलिखित में से किसने प्रतिपादित किया ?
(A) मैक्स वैबर (B) एफ. एम. मार्क्स
(C) एच. फाइनर (D) एन. पार्किन्सन

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है ?
(A) यू. एस. ए. — दोहरी नागरिकता
(B) भारत — विधि द्वारा स्थापित कार्यविधि
(C) ऑस्ट्रेलिया — सरकार का एकात्मक रूप
(D) स्विट्ज़रलैंड — बहुल कार्यपालिका

**16.** मिचेल्स का 'अल्पतन्त्र का लौह नियम' किसके अध्ययन के आधार पर सृजित किया गया ?
(A) जर्मन सोशल डेमोक्रैटिक पार्टी
(B) ब्रिटिश लेबर पार्टी
(C) डेमोक्रैटिक पार्टी ऑफ दी यू.एस.ए.
(D) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ दी सोवियत यूनियन

**17.** मॉन्टेस्क्यू का 'सत्ता की पृथकता का सिद्धान्त' मुख्य रूप से किस पर बल देता है ?
(A) जवाबदेयता
(B) कुशलता
(C) पारदर्शिता
(D) स्वतन्त्रता

नीचे लिखे चार मदों के दो भाग हैं, एक है कथन (A) और दूसरा कारण (R) ।
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या नही हैं ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**18.** **कथन (A)** : सूचना प्रौद्योगिकी ने स्टाफ एजेन्सी को अपरिहार्य बना दिया है ।
**कारण (R)** : स्टाफ एजेन्सी लाइन एजेन्सी को निर्णय लेने में सहायता करती है ।

**19.** **कथन (A)** : आतंकवाद पर युद्ध की घोषणा करते हुए अमेरिका ने बलपूर्वक कहा कि जो राज्य अमरीका के साथ नहीं है वे इसके विरोध में हैं ।
**कारण (R)** : आतंकवाद पर युद्ध की स्थिति में अमरीका ने राज्यों को तटस्थ रहने की स्वतंत्रता नहीं दिया ।

**20.** **कथन (A)** : अम्बेडकर दबे वर्ग (डिपरेस्ड कलासेस) को अलग निर्वाचक वर्ग मानने के पक्षधर थे ।
**कारण (R)** : वे गाँधी से सहमत थे ।

**21.** **कथन (A)** : राष्ट्रपति शासन केवल संयुक्त राज्य अमरीका में सफल है ।
**कारण (R)** : संयुक्त राज्य अमरीका एकमात्र राज्य है जहाँ लघु विरोधाभास राष्ट्रपति व्यवस्था की सफलता को सुनिश्चित करती हैं ।

**22.** Which one of the following was not associated with the Hindustan Republic Association ?
(A) Chandrashekhar Azad
(B) Jogesh Chandra Chatterjee
(C) Aurobindo Ghosh
(D) Bhagat Singh

**23.** Who gave the Indian National Congress the Constitution and made it a mass and cadre party ?
(A) Tilak
(B) Gokhale
(C) Motilal Nehru
(D) Gandhi

**24.** Who appoints the Inter-State Council ?
(A) The President of India
(B) The Union Cabinet
(C) The Prime Minister
(D) The Union Home Minister

**25.** Identify the States whose State Assemblies are meet at places other than the State capital :
(A) Jammu-Kashmir & Madhya Pradesh
(B) Madhya Pradesh and Karnataka
(C) Maharashtra and Andhra Pradesh
(D) Jammu-Kashmir and Maharashtra

**26.** Which amendment of the Constitution of India limits the number of Ministers ?
(A) $73^{rd}$ (B) $86^{th}$
(C) $87^{th}$ (D) $91^{st}$

**27.** Which one of the following committees is not associated with Panchayati Raj in India ?
(A) Sadiq Ali Committee
(B) Dinesh Goswami Committee
(C) L.M. Singhvi Committee
(D) P.K. Thungan Committee

**28.** Identify the correct sequence in which the following Deputy Prime Ministers were appointed in India ?
(i) Sardar Vallabhbhai Patel
(ii) Ch. Devi Lal
(iii) Ch. Charan Singh
(iv) Morarji Desai
**Codes :**
(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (i), (iv), (ii), (iii)
(C) (iv), (i), (ii), (iii)
(D) (i), (iv), (iii), (iv)

**29.** Who of the following constituted an oligrachy within the Constituent Assembly of India ?
(A) Nehru, Patel, Prasad, Azad
(B) Ambedkar, B.N. Rao, K.M. Munshi, Nehru
(C) Patel, Azad, Munshi, Ambedkar
(D) Krishnamachari, Pannikar, Nehru, Patel

**30.** Who describes Indian economy as "Bullock Cart Capitalism" ?
(A) Rajni Kothari
(B) Atul Kohli
(C) Granville Austin
(D) Lloyd and Sussane Rudolph

**31.** Who among the following defines Public Administration as "the activities of the Executive Branches of the National, State and Local Government". ?
(A) Morstein Marx
(B) Luther Gullick
(C) Herbert A. Simon
(D) Marshal E. Dimock

**32.** Public Accounts Committee has the following Members. Tick the correct answer :

| | **Lok Sabha** | **Rajya Sabha** | **Total** |
|---|---|---|---|
| (A) | 10 | 5 | 15 |
| (B) | 15 | 7 | 22 |
| (C) | 11 | 5 | 16 |
| (D) | 17 | 10 | 27 |

**22.** हिन्दुस्तान रिपब्लिक एसोसिएशन के साथ निम्नलिखित में से कौन सम्बन्धित नहीं है ?
(A) चन्द्रशेखर आजाद
(B) जोगेश चन्द्र चैटर्जी
(C) अरबिन्द घोष
(D) भगतसिंह

**23.** इंडियन नेशनल कांग्रेस को संविधान किसने दिया और उसे जनसमूह (मास) एवं संवर्ग (काडर) दल बनाया ?
(A) तिलक
(B) गोखले
(C) मोतीलाल नेहरु
(D) गांधी

**24.** अन्तर-राज्य परिषद् की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) भारत का राष्ट्रपति
(B) संघीय मन्त्रिमण्डल
(C) प्रधान मन्त्री
(D) संघीय गृह मन्त्री

**25.** वो राज्य बताइये जिनकी राजकीय विधान सभाएँ राज्य की राजधानी को छोड़कर अन्य स्थान पर भी बैठक करती हैं :
(A) जम्मु-काश्मीर एवं मध्य प्रदेश
(B) मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक
(C) महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश
(D) जम्मु-काश्मीर एवं महाराष्ट्र

**26.** भारतीय संविधान का कौन सा संशोधन मन्त्रियों की संख्या को सीमित करता है ?
(A) 73वाँ (B) 86वाँ
(C) 87वाँ (D) 91वें

**27.** निम्नलिखित में से कौनसी समिति भारत में पंचायती राज से सम्बन्धित नहीं है ?
(A) सादिक अली समिति
(B) दिनेश गोस्वामी समिति
(C) एल. एम. सिंघवी समिति
(D) पी. के. थुंगन समिति

**28.** भारत में निम्नलिखित उप-प्रधान मन्त्रियों के नियुक्त होने का सही अनुक्रम बताइये :
(i) सरदार वल्लभभाई पटेल
(ii) चौ. देवीलाल
(iii) चौ. चरण सिंह
(iv) मोरारजी देसाई
**कूट** :
(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (i), (iv), (ii), (iii)
(C) (iv), (i), (ii), (iii)
(D) (i), (iv), (iii), (iv)

**29.** भारत की संविधान सभा के अन्दर निम्नांकित में से कौन अल्पतंत्र समूह था ?
(A) नेहरु, पटेल, प्रसाद, आजाद
(B) अम्बेडकर, बी. एन. राव, के. एम. मुंशी, नेहरु
(C) पटेल, आजाद, मुंशी, अम्बेडकर
(D) कृष्णामाचारी, पाणिकर, नेहरु, पटेल

**30.** भारतीय अर्थव्यवस्था को "बैलगाड़ी पूंजीवाद" के रूप में किसने परिभाषित किया ?
(A) रजनी कोठारी
(B) अतुल कोहली
(C) ग्रानविल ऑस्टिन
(D) लॉयड एवं सुज़ेन रूडोल्फ

**31.** राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय सरकार की कार्यकारी शाखाओं की गतिविधियों के रूप में लोक प्रशासन की व्याख्या किसने की ?
(A) मार्स्टीन मार्क्स
(B) लूथर गुलिक
(C) हर्बर्ट ए. साइमन
(D) मार्शल इ. डिमॉक

**32.** लोक लेखा समिति के सदस्य निम्नांकित होते हैं । सही उत्तर पर चिह्न लगाइये :

| | लोक सभा | राज्य सभा | कुल |
|---|---|---|---|
| (A) | 10 | 5 | 15 |
| (B) | 15 | 7 | 22 |
| (C) | 11 | 5 | 16 |
| (D) | 17 | 10 | 27 |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** 'Span of Control' is also known as
(A) The Repair Boss
(B) The Gang Boss
(C) Military Type of Foreman
(D) Business Frontline

**34.** The word 'Bureaucracy' was first coined by
(A) Max Weber
(B) Alexander Pope
(C) M. Crozier
(D) Vincent de Gournay

**35.** Which one of the following is the correct function of Staff Agency ?
(A) Issuing orders to the subordinates
(B) Controlling the activities of the subordinates
(C) Advising the Chief Executive
(D) Providing Institutional Services

**36.** Which one of the following statements is not correct with regard to Riggs' Perspective of Societies ?
(A) Fused societies are traditional.
(B) Developed societies are diffracted societies.
(C) Ascriptive values are found in diffracted societies.
(D) Traditional societies have ascriptive values.

**37.** The Informal Channel of Communication is also known as
(A) Feedback (B) Grapevine
(C) Loopline (D) Nerveline

**38.** Match the thinkers with the concepts :

| Thinker | Concept |
|---|---|
| (a) F.W. Taylor | (i) Scalar |
| (b) Chester Bernard | (ii) Dissatisfier |
| (c) Henry Fayol | (iii) Zone of Acceptance |
| (d) Frederic Herzberg | (iv) Incentive system |

Select the correct order :
**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**39.** Who stated that "Budget is a series of Goals with price tags attached" ?
(A) Wildavsky (B) Walpole
(C) Betram Gross (D) Allen Schick

**40.** Which one of the following articles of the Constitution empowers Parliament to create an All India Service ?
(A) Article 300 (B) Article 312
(C) Article 320 (D) Article 410

**41.** Which of the following resulted from Bretton Woods Conference ?
(A) United Nations
(B) League of Nations
(C) Institutions meant for checking nuclear proliferation
(D) World Bank and IMF

**42.** Which of the following is not the basic principle of Hans J. Morgenthou's realism ?
(A) Politics is rooted in the human nature
(B) Politics is autonomous
(C) National interest is defined in terms of power
(D) Politics is governed by Universal moral values.

**43.** Marshall Plan was meant for
(A) Building the economics of the third world
(B) Rebuilding Western European economics
(C) Rebuilding the economics of the North-American countries
(D) Building the economics of African countries

**44.** Russia has been given permanent seat on the UN Security Council by virtue of its being
(A) Second most powerful country in the world
(B) Successor State to the former Soviet Union.
(C) Largest country in the world in terms of area
(D) One of the oldest civilisations in the world.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** 'नियन्त्रण के क्षेत्र' को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है :
(A) दी रिपेयर बॉस
(B) दी गैंग बॉस
(C) मिलिटरी टाइप ऑफ फोरमैन
(D) बिजनिस फ्रंटलाइन

**34.** 'नौकरशाही' शब्द की सर्वप्रथम किसने रचना की ?
(A) मैक्स वैबर (B) अलेक्जेंडर पोप
(C) एम. क्रोजियर (D) विंसेंट द गूर्ने

**35.** स्टाफ एजेन्सी का सही कार्य निम्नलिखित में से कौन सा है ?
(A) अधीनस्थ या अवर कर्मचारियों को आदेश ज़ारी करना
(B) अवर कर्मचारियों की गतिविधियों को नियन्त्रित करना
(C) मुख्य कार्यपालक को परामर्श देना
(D) सांस्थानिक सेवाएँ प्रदान करना

**36.** समाजों के बारे में रिग्गस के परिप्रेक्ष्य के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों में से कौन सा सही नहीं है ?
(A) एकीकृत (समेकित) समाज पारम्परिक हैं ।
(B) विकसित समाज विवर्तनीय समाज हैं ।
(C) विवर्तनीय समाजों में आरोप्य मूल्य पाए जाते हैं ।
(D) पारम्परिक समाजों के आरोप्य मूल्य होते हैं ।

**37.** संचार के अनौपचारिक चैनल को निम्नलिखित नाम से भी जाना जाता है :
(A) फीडबैक (B) ग्रेपवाइन
(C) लूपलाइन (D) नर्वलाइन

**38.** विचारकों को अवधारणाओं के साथ सुमेलित कीजिये ।

| **विचारक** | **अवधारणा** |
|---|---|
| (a) एफ. डब्ल्यू. टेलर | (i) श्रेणी (स्कैलर) |
| (b) चैस्टर बर्नार्ड | (ii) असन्तोषकारी |
| (c) हैनरी फेयोल | (iii) स्वीकृति का क्षेत्र |
| (d) फ्रेडरिक हर्ज़बर्ग | (iv) प्रोत्साहन प्रणाली |

सही क्रम चुनिये :
**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**39.** किसने कहा कि "बजट कीमत की नत्थियों के साथ लक्ष्यों का क्रम है" ?
(A) विल्डाव्स्की (B) वालपोल
(C) बर्ट्रैम ग्रॉस (D) ऐलेन शिक

**40.** संविधान का कौन सा अनुच्छेद संसद को अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना की शक्ति प्रदान करता है ?
(A) अनुच्छेद 300 (B) अनुच्छेद 312
(C) अनुच्छेद 320 (D) अनुच्छेद 410

**41.** निम्नलिखित में से क्या ब्रेट्टन वुड्स सम्मेलन के परिणामस्वरूप हुआ ?
(A) संयुक्त राष्ट्र
(B) राष्ट्र संघ
(C) आणविक प्रसरण रोकने के लिये संस्थान
(D) विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

**42.** हंस जे. मॉर्गनथो के यथार्थवाद का मूलभूत सिद्धान्त निम्नलिखित में से कौन सा नहीं है ?
(A) राजनीति की जड़ें मानव प्रकृति में जमी हैं ।
(B) राजनीति स्वचालित होती है ।
(C) राष्ट्रीय हित की व्याख्या सत्ता के सम्बन्ध में की जाती है ।
(D) राजनीति सार्वभौमिक नैतिक मूल्यों द्वारा शासित होती है ।

**43.** मार्शल योजना किसके लिये थी ?
(A) तृतीय विश्व की अर्थव्यवस्थाएं निर्मित करना ।
(B) पश्चिमी यूरोपियन अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्निर्मित करना ।
(C) उत्तर - अमेरिकन देशों की अर्थव्यवस्थाओं का पुन:निर्माण करना ।
(D) अफ्रीकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं का निर्माण ।

**44.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस को स्थायी सदस्यता उसकी किस योग्यता के आधार पर दी गई है ?
(A) विश्व में द्वितीय सर्वाधिक शक्तिशाली देश
(B) पूर्व सोवियत यूनियन का उत्तराधिकारी राज्य
(C) क्षेत्र के सम्बन्ध में विश्व में सबसे बड़ा देश
(D) विश्व में सबसे प्राचीनतम सभ्यता

**45.** The major argument of Neo-realism of Kenneth Waltz is that

(A) Structures are more important than actors.

(B) Actors play more crucial role than structures.

(C) Human nature is crucial element in politics.

(D) The states override the constraints imposed by international structures.

**46.** Non-reciprocity principle of India's policy towards neighbouring countries envisages

(A) hegemonic designs towards neighbouring countries.

(B) efforts for improving ties with the neighbouring countries without reciprocity.

(C) non-aligned policy posture in the South Asian context.

(D) the disciplining of the neighbouring countries.

**47.** What is the correct chronological order of the developments listed below ?

(i) Indo-Soviet Treaty of Friendship

(ii) India's first Nuclear Explosion at Pokhran

(iii) Cuban Missile Crises

(iv) Adoption of structural adjustment programme of India

Select the correct answer from the following codes :

(A) (ii), (iv), (iii), (i)

(B) (iii), (i), (ii), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (i), (iv), (iii), (ii)

**48.** **Assertion (A) :** WTO pleads that free trade brings prosperity for all and therefore should be promoted.

**Reason (R) :** Integration of the countries with global economy through the system of trade helps them to export goods abroad as also import goods which they need.

(A) (A) and (R) are true and (R) is a correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**49.** 14th SAARC Summit held in New Delhi in 2007, stressed

(A) Improving intra-regional connectivity

(B) Commitment to bilateralism within SAARC.

(C) Connecting SAARC with other regional organisations

(D) Not to extend SAARC membership

**50.** Collective Security System of the UN is based on the principle of

(A) All for one, one for all

(B) Imposing sanctions against the belligerent state unilaterally

(C) Maintenance of security by the major powers

(D) Balance of power to be maintained by state of equilibrium.

45. कैनेथ वाल्ज के नव - यथार्थवाद का मुख्य तर्क यह है कि

(A) संरचनाएं कर्ता की अपेक्षा ज्यादा महत्त्वपूर्ण है ।

(B) संरचनाओं की तुलना में कर्त्ता ज्यादा अहम भूमिका अदा करते हैं ।

(C) मानवीय प्रकृति राजनीति में महत्वपूर्ण तत्त्व है ।

(D) अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं द्वारा आरोपित प्रतिबंधों को राष्ट्र अभिभूत कर लेते हैं ।

46. अपने पड़ोसी देशों के प्रति भारत की नीति का अपारस्परिकता सिद्धान्त किस बात का विचार करता है ?

(A) पड़ोसी देशों के प्रति नायकत्व की योजना

(B) पड़ोसी देशों के साथ पारस्परिकता के बिना सम्बधों को सुधारने के प्रयत्न

(C) दक्षिण - एशियाई संदर्भ में गुट निरपेक्ष नीतिक रुख

(D) पड़ोसी देशों को अनुशासित करना

47. नीचे दी गई घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम क्या है ?

(i) भारत - रुसी मैत्री सन्धि

(ii) पोकरण में भारत का प्रथम आणविक विस्फोट

(iii) क्यूबा सम्बन्धी मिसाइल संकट

(iv) भारत के संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम को अपनाना

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें -

(A) (ii), (iv), (iii), (i)

(B) (iii), (i), (ii), (iv)

(C) (iv), (ii), (i), (iii)

(D) (i), (iv), (iii), (ii)

48. **अभिकथन (A) :** विश्व व्यापार संगठन (WTO) पैरवी करता है कि मुक्त व्यापार सबके लिये समृद्धता लाता है इसलिए इसे बढ़ावा दिया जाना चाहिये ।

**कारण (R)** : व्यापार की प्रणाली के जरिये देशों का वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ एकीकरण उन्हें वस्तुओं का बाहर निर्यात करने तथा अपनी ज़रुरत की वस्तुओं का आयात करने में सहायता करता है ।

(A) (A) और (R) सत्य है और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) सत्य है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) सत्य नहीं है ।

(D) (A) सत्य नहीं है, परन्तु (R) सत्य है ।

49. सन् 2007 में, नई दिल्ली में आयोजित 14वें सार्क शिखर सम्मेलन ने किस पर जोर दिया ?

(A) अंत: क्षेत्रीय संयोजन सुधारना

(B) सार्क के अन्दर द्विपक्षिता के प्रति वचनबद्धता

(C) अन्य क्षेत्रीय संगठनों के साथ सार्क को जोड़ना

(D) सार्क की सदस्यता को नहीं बढ़ाना ।

50. संयुक्त राष्ट्र की सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था निम्नलिखित में से किस के सिद्धान्त पर आधारित है ?

(A) सभी एक के लिये, एक सभी के लिये ।

(B) युद्धरत राष्ट्रों के विरुद्ध एकतरफा प्रतिबंध लगाना ।

(C) बड़ी या प्रमुख शक्तियों द्वारा सुरक्षा बनाए रखना ।

(D) साम्या की स्थिति द्वारा शक्ति का संतुलन बनाए रखना ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**